# फाइलों में 199 करोड़ का विकास पास, लेकिन धरातल पर रोजगार और मंडी फेल

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** क्या करोड़ों रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृतियां ही असली विकास हैं? पंधाना विधानसभा में भाजपा विधायक छाया मोरे के ढाई साल के कार्यकाल का सबसे बड़ा विरोधाभास यही है। शनिवार को एक निजी होटल में आयोजित मीडिया संवाद में विधायक ने अपने रिपोर्ट कार्ड में 199 करोड़ रुपये की लागत से 450 से अधिक विकास कार्यों, 301.41 करोड़ की भाम मध्यम सिंचाई परियोजना और करोड़ों के छात्रावासों का ब्योरा रखा। विधायक ने कहा कि सिर्फ प्रशंसा नहीं, हमारी कमियां भी बताइए और सुधार का रास्ता सुझाइए, लेकिन जब बात कमियों और जमीनी हकीकत की आती है, तो तस्वीर फाइलों से बिलकुल अलग नजर आती है। बड़े-बड़े बजट पास होने के बावजूद, पंधाना की जनता आज भी कछुआ चाल से चल रहे प्रोजेक्ट्स, रोजगार के सूखे और मंडी के अभाव से जूझ रही है।




### बदहाल सड़कें-विकास की थमी हुई रफ्तार

विधायक ने पंधाना-डुल्हार-खंडवा, पंधाना-राजगढ़ सहित दर्जनों सड़कों का जिक्र किया। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बुनियादी ढांचे के कई काम, जैसे कि खंडवा-डुल्हार-पंधाना मार्ग और उस पर निर्माणाधीन पुलिया, इतनी धीमी गति से चल रहे हैं कि बारिश के मौसम में यह आम लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाते हैं। प्रशासन और निर्माण एजेंसियों की सुस्ती के कारण विकास कार्य रेंग रहे हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर 50 बिस्तरों वाले सिविल अस्पताल और सिंगोट में 30 बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सैद्धांतिक स्वीकृति जरूर मिल गई है, लेकिन ग्रामीण अस्पतालों में डॉक्टरों और संसाधनों की भारी कमी से व्यवस्था की पोल खुल रही है।

### किसानों के साथ छलावा- उद्यानिकी मंडी केवल वादों में-

विधायक ने 301.41 करोड़ की भाम मध्यम सिंचाई परियोजना को किसानों के लिए वरदान बताया और मुख्यमंत्री द्वारा घोषित प्याज आधारित औद्योगिक क्लस्टर का जिक्र किया। लेकिन पंधाना क्षेत्र, जो अरबी, अदरक और सब्जियों के उत्पादन में अग्रणी है, वहां का किसान आज भी अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए तरस रहा है। सालों से मांगी जा रही %उद्यानिकी मंडी% अब तक सिर्फ खोखले वादों में उलझी है। अगर किसान अपनी उपज बेच ही नहीं पाएगा, तो सिंचाई परियोजनाओं का पूरा लाभ कैसे मिलेगाड़

### रोजगार का भारी सूखा-सिर्फ चर्चाओं में सिमटे उद्योग -

विधायक ने अपने विजन में रोजगार आधारित उद्योगों और नए आईटीआई संस्थानों का लक्ष्य रखा। लेकिन धरातल का कड़वा सच यह है कि युवाओं के लिए रोजगार का मुद्दा भयानक रूप ले चुका है। देशगांव के समीप प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना केवल चर्चाओं और बैठकों तक ही सीमित रह गई है। बिना उद्योगों और उच्च शिक्षा के बेहतर विकल्पों के, स्थानीय युवाओं के पास पलायन करने या बेरोजगारी का दंश झेलने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचा है।

### बस स्टैंड की भारी बदहाली और बुनियादी सुविधाओं का टोटा

पंधाना में लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण स्थानीय बस स्टैंड की भारी बदहाली है, जहां बुनियादी सुविधाओं का पूरी तरह से अभाव है। करोड़ों रुपये के विकास दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि बस स्टैंड पर यात्रियों, विशेषकर महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय जैसी न्यूनतम और अनिवार्य व्यवस्था तक उपलब्ध नहीं है। इसके चलते यहां आने वाली महिला यात्रियों को हर दिन भारी शर्मिंदगी और परेशानी से गुजरना पड़ता है।

### हाईकोर्ट खंडपीठ को इंदौर से जोड़ने की पहल सराहनीय -

मीडिया संवाद में विधायक ने बताया कि उन्होंने खंडवा और बुरहानपुर जिले को जबलपुर के स्थान पर इंदौर हाईकोर्ट खंडपीठ से जोड़ने की मांग को विधानसभा से लेकर राष्ट्रपति स्तर तक उठाया है। ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान राष्ट्रपति से भी इस पर व्यक्तिगत अनुरोध किया गया। यदि यह मांग पूरी होती है, तो यह निश्चित रूप से दोनों जिलों के लाखों लोगों के लिए न्यायिक प्रक्रिया में बड़ी सुविधा होगी।

### आधा कार्यकाल खत्म-अब नतीजों का इंतजार

विधायक छाया मोरे ने निश्चित तौर पर बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दिलाने और हाईकोर्ट खंडपीठ जैसे मुद्दों को उठाने में अपनी सक्रियता दिखाई है। उन्होंने खुले मंच से आलोचना सुनने का साहस भी दिखाया। लेकिन धरातल की राजनीति में जनता केवल पास हुए बजट या सौंपे गए ज्ञापनों से नहीं, बल्कि पूरी हुई सड़कों, किसानों की मंडी और युवाओं को मिली हुई नौकरियों से अपने जनप्रतिनिधि का मूल्यांकन करती है।

उनके कार्यकाल का लगभग आधा समय बीत चुका है। अब समय वादों का नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने का है। यदि बचे हुए समय में उद्यानिकी मंडी का निर्माण, रोजगार के नए साधनों का सृजन और अटके हुए प्रोजेक्ट्स पूरे नहीं हुए, तो यह सारा विकास केवल कोरी घोषणाओं का पुलिंदा मान लिया जाएगा। पंधाना की जनता अब आश्वासन नहीं, ठोस नतीजे मांग रही है।

## किशोर कुमार के जन्मदिन पर आज से शुरू होगा 3 दिवसीय खण्डवा गौरव दिवस



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** स्वर सम्राट एवं हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की जयंती के उपलक्ष्य में 2 से 4 अगस्त तक तीन दिवसीय खण्डवा गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें प्रभारी कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने सभी आयोजनों को गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। आयोजन के पहले दिन 2 अगस्त को सुबह 8 बजे नगर निगम कार्यालय से केवलराम चौराहे तक मैराथन दौड़ होगी, जिसमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स और सामाजिक संस्थाओं का सहयोग रहेगा। इसी दिन शाम को किशोर कुमार सभागार में वॉइस ऑफ खंडवा गायन प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित होगा। 3 अगस्त को सुबह 7.30 बजे नगर निगम के सामने स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शाम को नगर निगम और घंटाघर क्षेत्र में फूड फेस्टिवल तथा केवलराम चौराहे से घंटाघर तक बैंड पार्टियों की प्रस्तुति होगी। रात 8 बजे नगर निगम चौराहे पर किशोर कुमार के गीतों पर आधारित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 4 अगस्त को सुबह 9 बजे किशोर कुमार की समाधि पर पुष्पांजलि एवं स्वरांजलि कार्यक्रम होगा। शाम 7.30 बजे आयोजित किशोर नाइट में प्रसिद्ध गायक पी. गणेश और प्रीति जोशी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर पार्श्वगायक विनोद राठौर को गायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 1 लाख रुपये एवं ताम्रपत्र सहित किशोर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

## चाकूबाज 3 आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** थाना पदमनगर पुलिस ने अनाज मंडी क्षेत्र में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में दो नाबालिगों की संलिप्तता भी सामने आई है, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार 29 जुलाई को राहुल पिता राधेश्याम भील, निवासी रिछफल (पुनासा) पर कुछ अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना पदमनगर में अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अर्पण करोल (18), निवासी दादाजी वार्ड, खंडवा, आकाश बंजारा (19) एवं बंटी बंजारा (20), दोनों निवासी छालपी सिंगाजी, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जांच में दो अन्य नाबालिगों की भूमिका भी सामने आने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# अतिवृष्टि से निपटने निगम का एक्शन प्लान तैयार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** वर्षा ऋतु में अतिवृष्टि और संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम खंडवा ने आपदा प्रबंधन सेल का गठन किया है। नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत ने बताया कि सेल के नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय को बनाया गया है। साथ ही निचली बस्तियों में जलभराव की स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित राहत शिविरों तक पहुंचाने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है।नगर निगम के जल विभाग स्थित आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0733-2224152 तथा पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 0733-2226690 जारी किया गया है। नागरिक आपात स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।नगर निगम ने



शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिए स्थान भी चिन्हित किए हैं। जिला होमगार्ड कार्यालय और मोहनलाल स्कूल में प्रस्तावित राहत शिविर की जिम्मेदारी उपयंत्री दिनेश सोलंकी को सौंपी गई है। रामनगर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के राहत शिविर के प्रभारी उपयंत्री राकेश कलम होंगे। सूरजकुंड स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य निर्धारित शिविरों की जिम्मेदारी उपयंत्री मनीष झीले को दी गई है। इसी प्रकार महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में बनने वाले राहत शिविर का प्रभार उपयंत्री सर्वेश मिश्रा और सहायक राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत को सौंपा गया है, जबकि जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगाड़ तलाई में प्रस्तावित राहत शिविर के प्रभारी उपयंत्री भरत सुरजाए होंगे। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि भारी वर्षा के दौरान सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# श्रावण मास में ओंकारेश्वर की सवारी में डीजे रहेगा प्रतिबंधित

**खंडवा।** श्रावण मास के दौरान ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने शुक्रवार को अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा के साथ ओंकारेश्वर पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रावण मास में भगवान ओंकारेश्वर की प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली पारंपरिक सवारी निर्धारित समय पर प्रारंभ होगी और तय समय पर ही मंदिर पहुंचेगी। सवारी को अनावश्यक रूप से कहीं नहीं रोका जाएगा तथा उसका पूर्व निर्धारित मार्ग ही रहेगा। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सवारी में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही यह भी तय किया गया कि मंदिर की मुख्य सवारी सबसे आगे रहेगी, जबकि अन्य धार्मिक झांकियां और सवारियां उसके बाद ही निकलेंगी।बैठक में कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। प्रशासन ने पुराने बस स्टैंड के पास बनाए गए शेड में विश्राम, स्नान और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा आसपास की धर्मशालाओं में भी श्रद्धालुओं के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि श्रावण मास के दौरान सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाए, ताकि सभी श्रद्धालु सुगमता और सुरक्षित वातावरण में दर्शन-पूजन कर सकें।

## पिछले साल से आगे निकला मानसून, अब तक 30 .6 मिमी वर्षा

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 30.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। भू-अभिलेख कार्यालय के अनुसार इस अवधि में सबसे अधिक 42 मिमी बारिश खंडवा तहसील में हुई, जबकि पंधाना में 40 मिमी, खालवा में 36 मिमी, नया हरसूद में 25 मिमी और पुनासा तहसील में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस वर्ष मानसून का प्रदर्शन पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है।31 जुलाई तक पिछले वर्ष तक में जिले में 326 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी, जबकि इस वर्ष इसी अवधि तक 445.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 120 मिमी



अधिक है। तहसीलवार अब तक हुई वर्षा के आंकड़ों के अनुसार खंडवा में 537 मिमी, खालवा में 526 मिमी, पंधाना में 467 मिमी, नया हरसूद में 355 मिमी तथा पुनासा में 343 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। लगातार हो रही बारिश से किसानों में खरीफ फसलों को लेकर उत्साह है, वहीं प्रशासन ने निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और भारी वर्षा की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। जिला प्रशासन वर्षा की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## गंगोत्री का पवित्र गंगाजल अब डाकघरों और मंदिरों में

**खंडवा।** श्रावण मास के अवसर पर भारतीय डाक विभाग ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा शुरू की है। अब खंडवा डाक संभाग के सभी प्रधान डाकघरों, उप डाकघरों तथा प्रमुख मंदिरों में सीधे गंगोत्री से लाया गया पैक्ड पवित्र गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा। डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि यह सेवा खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर और बड़वानी जिलों के सभी विभागीय डाकघरों के साथ ओंकारेश्वर डाकघर में भी प्रारंभ कर दी गई है। श्रद्धालुओं को 250 मिलीलीटर की पैकिंग में शुद्ध गंगाजल मात्र 30 रुपये के रियायती मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है।श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख शिव मंदिरों और धार्मिक परिसरों में विशेष अस्थायी कैंप, काउंटर एवं स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां गंगाजल आसानी से प्राप्त किया जा सकेगा। सोमवार के अलावा अन्य सभी कार्य दिवसों में भी सभी विभागीय डाकघरों में गंगाजल की उपलब्धता बनी रहेगी। डाक विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि श्रावण मास के पावन अवसर पर इस सरल और सुलभ सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। विभाग का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बिना किसी अतिरिक्त परेशानी के गंगोत्री का पवित्र गंगाजल उपलब्ध कराना है, ताकि वे भगवान शिव के जलाभिषेक और अन्य धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धापूर्वक संपन्न कर सकें।

## हरसूद कॉलेज में मां सरस्वती प्रतिमा का अनावरण

### विद्यार्थियों को मिली 4 नई बसों की सौगात

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने शनिवार को हरसूद स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना से यह स्थान ज्ञान, संस्कार और चेतना का केंद्र बनेगा तथा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ प्रेरणा भी मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. शाह ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से लैस चार बसों



तथा आधुनिक सुविधाओं वाले सीसीटीवी कैमरों का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी। मंत्री ने महाविद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षा, सुरक्षा और अधोसंरचना विकास को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया।

## मकराना से दादाजी धाम पहुंचा एक और पिलर

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** दादाजी धाम के मंदिर निर्माण के लिए मकराना से पिलर आने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को मकराना से एक और पिलर दादाजी धाम पहुंच गया है, जिसे भक्त निवास के पास सुरक्षित रूप से उतार लिया गया है। समिति सदस्य गणेश कनाड़े इस नए पिलर के पहुंचने के साथ ही मकराना से अब तक कुल पांच पिलर सफलतापूर्वक खंडवा लाए जा चुके हैं। मंदिर निर्माण प्रक्रिया के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए इनमें से दो पिलरों को अस्थाई रूप से खड़ा किया गया है, ताकि भक्त इनके दर्शन कर सकें। एक पिलर को भक्त निवास के सामने और दूसरे



पिलर को हरिहर भवन के सामने दर्शनार्थ स्थापित किया गया है। वर्तमान में दर्शन के लिए रखे गए इन पिलरों को आगे चलकर मुख्य मंदिर के निर्माण कार्य में लगाया जाएगा।

# रेस्क्यू अभियान पर जताया आभार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** हांडीकुंडी पिकनिक स्पॉट पर हाल ही में हुए रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए बोहरा समाज ने विधायक कंचन मुकेश तनवे और विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे का सम्मान किया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने उनके निवास पहुंचकर शॉल, श्रीफल और पुष्पहार भेंट कर आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि लगातार बारिश के कारण हांडीकुंडी क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढ़ने से बोहरा समाज के तीन-चार लोग टापू पर फंस गए थे। सूचना मिलते ही विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे मौके पर



पहुंचे और देर रात तक जिला प्रशासन एवं रेस्क्यू टीम के साथ समन्वय कर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में सहयोग किया। सम्मान समारोह में विधायक कंचन मुकेश तनवे और विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कहा कि जनसेवा उनका सर्वोच्च दायित्व है। उन्होंने कहा कि संकट की हर घड़ी में वे क्षेत्र की जनता के साथ खड़े रहेंगे और जहां भी आवश्यकता होगी, पूरी तत्परता से सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर बोहरा समाज के वरिष्ठ सदस्य जूजर भाई, केजार भाई, अजीज भाई, कादिर भाई, हकीम भाई, यूसुफ भाई, फिरोज भाई सहित अन्य सदस्य तथा रेस्क्यू किए गए हाजेफा भाई ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आभार व्यक्त किया। समाज के प्रतिनिधियों ने रेस्क्यू अभियान के दौरान दिखाई गई संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय क्षमता और सेवा भावना की सराहना की।

## हरसूद स्टेडियम अब धरती आबा बिरसा मुंडा खेल प्रांगण

**नवभारत न्यूज़**

**हरसूद।** हरसूद स्थित खेल स्टेडियम को अब एक नई पहचान मिल गई है। शनिवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एक गरिमामय समारोह में स्टेडियम का नया नामकरण धरती आबा बिरसा मुंडा खेल प्रांगण किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और यह सौगात दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ शाह ने खेल प्रांगण के नामकरण के साथ-साथ क्षेत्र के विभिन्न नवीन विकास कार्यों का विधिवत लोकार्पण भी किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया और युवाओं को प्रकृति से जुड़ने का आह्वान किया। समारोह में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं समिति के अन्य सदस्यगण, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जयेश वैष्णव, सभी प्राध्यापक, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

